# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी०ए०/4472
दिनांक : 18.11.2021

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/निदेशक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर,
मेरठ।

**विषय : प्रदेश के युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण हेतु टेबलेट/स्मार्ट फोन वितरण योजना को लागू किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय/महोदया,**

कृपया विश्वविद्यालय के पत्रांकः–पी०ए०/4468 दिनांक 17.11.2021पत्रांकः–पी०ए०/4273 दिनांक 09.11.2021 के द्वारा विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–1, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के पत्र संख्या–1786/सत्तर–1–2021 दिनांक 28 अक्टूबर, 2021 के आलोक में उच्च शिक्षा विभाग से सम्बन्धित लाभार्थी युवा वर्ग का डाटाबेस कराये जाने की अपेक्षा की गयी थी। परन्तु अधिकांश महाविद्यालय/संस्थानों द्वारा सत्र 2021–2022 में संस्थागत छात्र–छात्राओं के रूप में अध्ययनरत स्नातक/स्नातकोत्तर/डिप्लोमा कक्षाओं (पारम्परिक एवं व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त करने वाले) तथा शोध छात्र–छात्राओं का सम्पूर्ण विवरण (**Student Details** https://bit.ly/StuDataTemplate) प्रारूप पर दिनांक 17.11.2021 तक उपलब्ध नही कराया गया है। संज्ञान में आया है कि कुछ महाविद्यालय/संस्थानों द्वारा टेबलेट/स्मार्ट फोन वितरण हेतु छात्र/छात्रों से फार्म/रजिस्ट्रेशन कराये गये है, जबकि पूर्व में ही आपको निर्देशित किया गया था कि लाभार्थी छात्र/छात्राओं का कोई भी फार्म/रजिस्ट्रेशन अपेक्षित नही है। तत्क्रम में आप अपने–अपने महाविद्यालय/संस्थान/विभाग में अवशेष अध्ययनरत छात्र/छात्राओं का विवरण ऐस्किल शीट पर भरते हुये दिनांक 18.11.2021 की सांय 05:00 बजे तक प्रत्येक दशा में अधोहस्ताक्षरी की मेल पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, यदि किसी महाविद्यालय/संस्थान/विभाग द्वारा अध्ययनरत संस्थागत छात्र–छात्राओं का डाटा उपलब्ध नही कराया जाता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान/विभाग की होगी।

उक्त के क्रम में आपसे पुनः अपेक्षा की जाती है कि आप अपने–अपने महाविद्यालय/संस्थान/विभाग में अध्ययनरत अवशेष (स्नातक–प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष, एवं स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय) छात्र/छात्राओं का डाटा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यहाँ यह भी अवगत कराना है कि यदि किसी महाविद्यालय/संस्थान/विभाग द्वारा टेबलेट/स्मार्ट फोन वितरण सम्बन्धी छात्र/छात्राओं का डाटा उपलब्ध कराया गया है तो उनसे अपेक्षा है कि वे पुनः डाटा न भेजे।

अतः उक्त के क्रम में मा० कुलपति जी के आदेशानुसार आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप अपने–अपने महाविद्यालय/संस्थान/विभाग में अध्ययनरत अवशेष स्नातक/स्नातकोत्तर/डिप्लोमा कक्षाओं (पारम्परिक एवं व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त करने वाले) तथा शोध छात्र–छात्राओं का सम्पूर्ण विवरण अधोस्ताक्षरी की मेल आई०डी०–registrar@ccsuniversity.ac.in पर दिनांक 18.11.2021 सांय 05:00 बजे तक अवश्य उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

01. सचिव कुलपति को मा० कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. प्रति–कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
03. प्रो० नीलू जैन गुप्ता, विश्वविद्यालय नोडल अधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
04. डा० राहुल कुमार, जनैटिक्स एण्ड प्लान्ट ब्रीडिंग, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
05 क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,मेरठ।
06. विश्वविद्यालय, प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
07. प्रभारी, वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।

कुलसचिव